any of these companies or agenciet after proper scrutiny; if so, the details thereof; and

(f) as on date, whether any LPG or Kerosene is being imported directly by company or agency or private sector; if so,, what are the details thereof in each case?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The StatelUT Govern ments have been requested to verify the genuineness, antecedents and capabilities of the private agencies who intend to take up activities under the Parallel Marketing System and to take appropriate action against such parallel marketeers who have been found indulging in fraudulent and unfair trade practices.

(d) Under the Parallel Marketing System, private agencies have been allowed to import and market LPG and Kerosene at market determined prices for which they are not re-quired to take any approval or permission from the Ministry of Petroleum & Natural Gas. However, they' arc required to obtain necessary clearances from statutory authorities, local bodies etc. as applicable.

(c) No such procedure is envisa ged .

(f) So far 6.1 TMT of LPG and 57.8 TMT of kerosene have been imported under the parallel marketing system by different companies.

पेट्रोलियम की बचत के लिये जागरूकता पैदा किया जाना

2936. श्री राम जेठमलानी :
डा० जितेन्द्र कुमार जैन:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों के दौरान देश में कच्चे तेल के उत्पादन में निरन्तर कमी तथा पेट्रोलियम पदार्थों की खपत में निरन्तर वृद्धि के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि मांग को सीमित करने के लिये सरकार ने पेट्रोल, डीलज आदि की बचत के लिये जन मानस में चेतना पैदा करने हेतु कुछ कार्यवाही आरम्भ की है ;

(ग) यदि हां, तो क्या इस अभियान के तहत प्रचार माध्यमों का भी प्रयोग किया गया था;

(घ) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान प्रचार माध्यमों पर खर्च की गई धनराशियों का वर्ष वार ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि सरकार ने देश में पेट्रोल तथा डीजल की बचत करने के लिये क्षेत्रों का पता लगाया है ; और

(च) यदि हां, तो वे क्षेत्र कौन-कौन से हैं जहां इन पदार्थों के उपयोग में बचत की संभावना विद्यमान है, तथा देश के सरकारी और निजी क्षेत्र के लिये पेट्रोल तथा डीजल की पृथक पृथक औसत वार्षिक खपत के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (केप्टन सतीश शर्मा):(क) पेटोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि कम स्वदेशी शोधन-क्षमता और खपत में वृद्धि के कारण हुई है ।

(ख) और (ग) जी, हां ।

(ब) ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(लाख रुपये)

माध्यम	1990-91	1991-92	1992-93
समाचार पत्र/प्रैस	162.7	215.7	112.1
टीवी/रेडियो	19.13	21.1	20.52
सूचना पटिकाएं अन्य माध्यम	27.8	33.7	53.0
	93.3	104.2	109.7
योग :	302.93	374.7	295.32

(ङ) और (च) पता लगाये गये क्षेत्रों में परिवहन, सिंचाई, डीजल पंपसैट, डीजल जनरेटिंग सैट, ट्रैक्टर इत्यादि शामिल हैं । देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की खपत के बारे में अलग से न कोई आकड़ें रखे जाते हैं, न संकलित किये जाते हैं ।

तेल की खोज के लिये किया गया सर्वेक्षण

2937. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां पिछले तीन वर्षों के दौरान तेल की खोज के लिये सर्वेक्षण कराया गया था;

(ख) उन स्थानों के नाम क्या हैं, जहां तेल की खोज के लिये आदेश जारी किये गये हैं ; और

(ग) इन स्थानों से निकाले गये पेट्रोलियम पदार्थों की मात्रा कितनी है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, बिहार, त्रिपुरा, नागालैंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश व पश्चिमी और पूर्वी अपतटीय क्षेत्रों में भूकम्पीय सर्वेक्षण किये गये हैं ।

(ख) आठवीं योजना के अनुमोदित अन्वेषण कार्यक्रम के अनुसार तटवर्ती भाग में ऊपरी असम, असम-अकरान पश्चिमी बंगाल, हिमाचल की तराई और गंगाघाटी, राजस्थान कच्छ और सौराष्ट्र, कैम्बे, कृष्णा गोदावरी, कावेरी, विन्ध्य और गोदवाना की परतवार बेसिनों में तथा पश्चिमी और पूर्वी अपतटीय क्षेत्रों में भूकम्पीय सर्वेक्षण तथा अन्वेषण बैधन हाथ में लिया जाना अपेक्षित है ।

(ग) शीघ्र उत्पादन प्रणालियों के अन्तर्गत अल्प उत्पादन को छोड़कर गत तीन वर्षों में जिन क्षेत्रों में सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्य शुरू किया गया है वहां से उत्पादन को स्थापित करना समयपूर्व होगा ।

Import Bills for Petroleum Products

2938. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Will the Minister oi PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 356 given in the Rajya Sabha on 23rd February, 1994 and state:

'a) what steps nave been taken by Government to reduce the import bills of petroleum products: and

(b) what are the details of progress made in that direction?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): fa) and (b)